**सं-12016/08/2026-रा.भा.(क-2)-पार्ट**
**राजभाषा विभाग**
**गृह मंत्रालय**

चतुर्थ तल, एनडीसीसी II भवन,
जयसिंह रोड, नई दिल्ली
दिनांक: 01 सितंबर, 2026

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय:** हिंदी दिवस, 2026 और छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के अवसर पर निमंत्रण पत्र का वितरण।

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि हिंदी दिवस, 2026 और छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन 14 एवं 15 सितंबर, 2026 को सिडको एग्जीबिशन सेंटर, वाशी, नवी मुंबई में किया जा रहा है। इस अवसर पर निमंत्रण पत्रों का वितरण निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा:

**स्थान:**

**सिडको एग्ज़िबिशन सेंटर, गेट नं-1, स्वामी प्रणवनंदा मार्ग, सैक्टर-30ए, वाशी, नवी मुंबई-400703**

**CIDCo Exhibition Centre, Gate no.1, Swami Pranabananda Marg, Sector-30A, Vashi, Navi Mumbai-400703**

**समय:**

| | |
|---|---|
| 12 सितंबर, 2026 (शनिवार) | सायं 04.00 बजे से सायं 06.00 बजे तक |
| 13 सितंबर, 2026 (रविवार) | प्रात: 10.00 बजे से सायं 08.00 बजे तक |

निमंत्रण पत्र प्राप्त करने संबंधी यथावश्यक निर्देश **अनुलग्नक-1** पर दिए गए हैं।

कृपया ध्यान दें कि यह आयोजन केवल केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों/सम्बद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों/उपक्रमों/बैंको/निगमों/बोर्डों/शैक्षिक संस्थानों आदि में कार्यरत/सेवारत अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए है। किसी भी गैर-सरकारी व्यक्ति अथवा संस्थान को निमंत्रण पत्र प्रदान नहीं किए जाएंगे।

01/09/26
**(राजेश कुमार श्रीवास्तव)**
परामर्शदाता संयुक्त निदेशक

**सेवा में,**

सभी मंत्रालयों/विभागों/ सम्बद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों/ बैंकों/उपक्रमों/निगमों/ बोर्डों/ शैक्षिक संस्थानों आदि के पंजीकृत अधिकारी/कर्मचारी।

**निमंत्रण प्राप्त करने संबंधी आवश्यक निर्देश:**

1. **पुरस्कार प्राप्तकर्ता एवं ऑफलाइन अनुमोदन वाले प्रतिभागी**

(i) **राजभाषा कीर्ति और राजभाषा गौरव पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को एक अलग काउंटर पर निमंत्रण पत्र प्रदान किए जाएंगे। वे कृपया किसी अन्य सामान्य पंक्ति में जाकर निमंत्रण पत्र प्राप्त न करें।**

(ii) **नराकास प्रमाणपत्र प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को भी एक अलग काउंटर पर निमंत्रण पत्र प्रदान किए जाएंगे। ये प्रतिभागी भी किसी अन्य सामान्य पंक्ति में न जाएं।**

(iii) जिन प्रतिभागियों को पंजीकरण पोर्टल बंद हो जाने के बाद ऑफलाइन अनुमोदन प्रदान किया है, उन्हें भी एक अलग काउंटर पर केवल निमंत्रण पत्र प्रदान किए जाएंगे। वे किसी अन्य सामान्य पंक्ति में न जाएं।

2. निमंत्रण पत्र प्राप्त करने वाले प्रतिभागी कृपया सुनिश्चित करें कि निमंत्रण पत्र हर हाल में 13 सितंबर, 2026 को प्राप्त कर लिए जाएं। **इसके लिए प्रतिभागी स्वयं उत्तरदायी होंगे। सुरक्षा एवं अन्य कारणों से 14 सितंबर, 2026 को निमंत्रण पत्र प्रदान नहीं किए जाएंगे ।**

3. निमंत्रण पत्र ऊपर उल्लिखित विवरण के अनुसार 13 सितंबर, 2026 तक अपने किसी साथी अधिकारी/कर्मचारी को **प्राधिकार पत्र** (authority letter) (**अनुलग्नक-2**) देकर भी प्राप्त किए जा सकते हैं। एक से अधिक प्रतिभागियों के निमंत्रण पत्र प्राप्त करने के लिए सभी की विशिष्ट पहचान संख्याएं, आई कार्ड की फोटोप्रति और अलग-अलग प्राधिकार पत्र की प्रति साथ लाएं ताकि प्रत्येक संबंधित काउंटर पर आप उन्हें अलग-अलग सौंप कर निमंत्रण पत्र ले सकें।

4. निमंत्रण पत्र प्राप्त करने के लिए कृपया **विशिष्ट पहचान संख्या की फोटोप्रति** और अपना सरकारी आईकार्ड अवश्य साथ लाएं।

*****

**अनुलग्नक-2**

## प्राधिकार पत्र

(यदि आप अपना निमंत्रण पत्र स्वयं लेने नहीं आ रहे है तो कृपया इस प्राधिकार पत्र को भरें)

कृपया मेरा निमंत्रण पत्र मेरे स्थान पर –

श्री/सुश्री/श्रीमती ---------------------------------------------------

पदनाम ------------------------------------------------

मोबाइल नं. ------------------------------------------------

कार्यालय का नाम ------------------------------------------------

को दे दें।

पंजीकृत प्रतिभागी का नाम-
पंजीकृत प्रतिभागी के हस्ताक्षर-
**पंजीकरण संख्या-**

संबंधित अधिकारी के हस्ताक्षर
एवं मोहर(पदनाम सहित)

यदि आपके पास कार्यालयी मोहर नहीं हैं तो अपने पहचान पत्र की फोटोप्रति संलग्न करें।